14.30 hrs

## RE. REPORTED ATTEMPT TO CARRY ARMS INTO ALLAHABAD HIGH COURT WHERE THE PRIME MINISTER HAD TO GIVE EVIDENCE

MR. DEPUTY-SPEAKER: Before we take up the next item, I would like to say that I got a number of requests from Members in which they want to raise a question relating to an alleged incident that happened in Allahabad.

AN HON. MEMBER: High Court.

MR DEPUTY-SPEAKER: I do not know.

It poses a certain risk to the security of the Prime Minister where she has to tender her evidence in connection with an election case. The Prime Minister, by virtue of her office, occupies a special place in the country and also in this House Her security is, therefore, very much our concern and, therefore, I think it is a matter that is serious enough that I should depart from the normal course and, in the exercise of the residuary powers of the Chair, I would allow the Members to raise this point.

The only thing that I would like to say at this stage is that this is a matter which concerns all of us.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): As Deputy-Speaker, you should raise it.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have already mentioned.

I am not going to shut out anybody, I will allow all of you. If this really has happened in the wake of what happened in Bihar, then I think these is something that we should seriously take note of in this country, but at a time like this I think it is better that people talk with a certain responsibility and circumspection instead of losing their heads. And at this stage I will allow these Members who have given their names to make their submissions, but let us not raise unnecessary controversy at this stage. At an appropriate time facts will be known, and then we shall consider what happened.

I got the first letter from Shri Narsingh Narain Pandey. He may make his submission.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): The best thing is that you should express the sentiment of the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have already done. Whatever I have said has gone on record. I have already mentioned the subject Beyond that I will allow Members to raise the question.

SHRI K. G DESHMUKH (Amravati): Why not the Minister make a statement?

MR. DEPUTY-SPEAKER: I do not know about that, but let the Members first make their observations

SHRI K G DESHMUKH: Members do not know the facts.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let them make their submissions (*Interruptions*) I have said just now that this should be a matter of concern to all of us irrespective of parties Why should we lose our heads over this? Let us hear the Members calmly and quietly.

श्री नरसिंह नारायण पांडे (गोरखपुर) : यह बड़ा अहम मसला है । आप देखें कि देश में किस की स्थिति पैदा हो रही है । आज जब प्रधान मंत्री अपना बयान देने के लिए कोर्ट रूम मे दाखिल हुई उसी समय वकील के लिबास मे एक सज्जन कोर्ट रूम में घुसे और सिक्योरिटी वालों के पास चूंकि मेटल डिटेक्टर था इस वास्ते उसकी सहायता से उन्होंने जान लिया कि उस आदमी के पास कोई ऐसा औजार है और जब तलाशी ली गई तो पिस्टल लिए हुए वह पाया गया । यह बहुत

[श्री नर्रसिंह नारायण पांडे]

ही गम्भीर बात है । अगर डिक्टेक्टर न होता या अगर बिजली फ़ेल हो गई होती और उस समय वकील की पोशाक मे और वेश में वह व्यक्ति कोर्ट मे दाखिल होता और दाखिल होने के बाद वह जिस उद्देश्य को लेकर आया था उसमे सफ़ल हो जाता तो देश मे कैसी स्थिति पैदा होती इसका आप अनुमान लगा सकते हैं । यह एक बहुत ही सीरियस मामला है यह ऐसी बात नही है जिसको हसी मे टाल दिया जाए । कुछ हमारे मेम्बर उधर बैठे हुए हैं हस रहे हैं । उनको इस पर दुख होना चाहिए और शर्म आनी चाहिये । इस तरह की स्थिति वे पैदा देश मे कर रहे हैं । तीन रोज तक प्रधान मंत्री वहा पर एक गवाह के रूप में अपनी पिटीशन के सिलसिले मे गई है । यह सिक्योरिटी का मामला है । मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हू कि क्या पूरी सिक्योरिटी का इन्तजाम कोर्ट रूम मे या बाहर प्रधान मंत्री के लिए कर दिया गया है ? साथ ही जो आदमी गिरफ्तार हुआ है उसने क्या बयान दिया है ? रिवाल्वर लेकर जाने की अदालत में जो उसने चेष्टा की ऐसी स्थिति फिर पैदा न हो इसकी रोक थाम के उन्होंने क्या प्रबन्ध उन्होंने किये है ? गृह मंत्री को जल्दी से जल्दी सदन मे को तथा देश को आश्वस्त करना चाहिये इस मामले में । मैं चाहता हू कि पार्लिमेंटरी एफेयर्स के मिनिस्टर गृह मंत्री के से इस बारे मे एक वक्तव्य दिलाए और देश को आश्वस्त करें ।

SHRI S. M BANERJEE (Kanpur): When we went to the library we saw this teleprinter message that a young-man wearing a black coat who pose himself to be an editor of a local daily wanted entry Putting on a black-coat, he wanted to pose himself to be a lawyer and he had a country-made pistol in his hands. Thanks to the security Department who made adequate arrangements and he was immediately caught with the help of a metal detector. The details are still awaited. We do not know the full details. This is for the first time in the history of our country that the Prime Minister holding the highest office in the country, appeared in the court as a witness to give evidence before the court. She followed Shri Giri, our ex-President who also went himself and gave his evidence in the open court. I really appreciate the courage and conviction of the Prime Minister I request the hon. Home Minister to kindly make a statement in this House as to the authenticity of the report, correctness of the report and by whom it was prompted ultimately after the investigation was done. I may assure this House that we may be against the Prime Minister politically, we may be against her in many ways, but the fact is that I do think that the Prime Minister of the country should get the security of the country which she deserves and she should survive Anyhow, I request the Home Minister to make a statement because we are all concerned We may differ with the Prime Minister but the fact is that we want her to live long

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkel): Mr Deputy Speaker, Sir, I have also seen the reports in the library as Mr Pandey and Mr Banerjee have explained We do not know what has transpired between the High Court and the Security Department. Though some announcement has been made by the hon. Chief Justice and Justice hearing that case, I do not want to go into details. But I have seen the Press reports that some people belonging to the Socialist Party moved a petition before the Court of Law demanding that all people must be allowed to sit before the Court and see the Prime Minister. I can understand the logic behind it. I do not want to implicate anything as this petition moved by the leaders of the Socialist Party is an incidence. But I must say, to whatever party the Prime Minister belongs, security should be given to the Prime Minister and the people who are holding

the highest office. As Mr. Banerjee and Mr. Pandey have demanded, the Minister should come forward with a statement. He need not disclose what are the security arrangements, but he should give an assurance to the House that the safety of the Prime Minister has been assured. The Home Ministry should be able to impress on the High Court the necessity of providing full security to the Prime Minister, even though the Prime Minister has taken a very liberal view.

PROF. MADHU DANDAVATE: I want to associate myself and my party with what Mr. Pandey has said initially while raising the issue. In a democracy, it is absolutely essential that we must be prepared to fight the policies and not personalities or individuals. I wish to make it clear on behalf of the Socialist party that we are more interested in fighting policies, but at the same time, the sanctity of human life has to be respected, not only of the Prime Minister but of any individual in this country, more so of the Prime Minister. I hope the Minister will make a full statement on the incident. I will conclude by saying, we may completely differ with what you say, but we shall defend to the death your right to say it.

श्री शशि भूषण (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष जी, जो सिक्योरिटी के प्रबन्धकर्ता वहां थे उनको मैं भी धन्यवाद देना चाहता कि उन्होंने वक्त पर एक सामाजिक अपराधी को पकड़ लिया। पिछले काफ़ी दिनों से ऐसी दुर्घटना इस देश में हो रही हैं पर उस सम्बन्ध में पूरी जानकारी हम प्राप्त नहीं कर पाये हैं। इस सदन में भी एक व्यक्ति रिवाल्वर लेकर, बम लेकर आया था। उस के पीछे कौन सी ताकतें थीं, किस से बम लाया, किस से रिवाल्वर लाया आज तक सिक्योरिटी के लोग पता नहीं कर सके हैं। श्री एल० एन० मिश्र का केस हमारे सामने है, उस पर भी किसी निर्णय पर नहीं पहुंचे।

चव्हाण साहब ने भी एक्सटरनल एफ़यर्स मिनिस्ट्री की कंसलटेटिव कमेटी में बताया कि बहुत से हथियार नागालैंड और मिजोरम में पड़ोसी देश चीन से बांटे जाते हैं।

यह भी कहा गया है कि एक वैस्ट जर्मन देश में हथियार लेकर आ रहा था और पाकिस्तान बार्डर पर पकड़ा गया और कई साधू-सन्तों की आर्गेनाइजेशन हैं जिनके पास रिवाल्वर पकड़े गए हैं। इसी तरह आज कोर्ट में एक व्यक्ति प्रधान मंत्री के लिये रिवाल्वर लेकर आया, उसी तरह आनन्द-मार्गियों के नेता के खिलाफ़ जब गवाही देने आये तो वहां कुछ लोग रिवाल्वर लेकर आये, बम लेकर आये। लेकिन पुलिस इनको पकड़ने में कामयाबी नहीं हुई। उन के पीछे जो भी ताकतें हैं, देशी या विदेशी उनको पकड़ने में कामयाबी नहीं हुई। मैं चाहता हूं कि इस घटना पर ये सिर्फ़ बयान ही न दें कि फ़लां आदमी पकड़ा गया, वह इस शक्ल का था या. उसके पास से रिवाल्वर पकड़ा गया बल्कि उनके पीछे जो बड़ा काला हाथ है सरकार को चाहिये कि वह उसका पता लगाये और इस हाउस को उसके बारे में जानकारी दे

प्रधान मंत्री हमारे देश की नेता हैं। अगर उनके प्रति लोग यह रवैय्या अख्त्यार कर सकते हैं तो आम जनता की क्या हालत होगी। इसलिये पुलिस को सतर्क होकर जितनी घटनाओं का मैंने जिक्र किया है, उनके पीछे जो हाथ हैं, उसका पता लगाये और जनता को इस बात को बता दे कि जो देश के दुश्मन हैं, वे इस देश में कामयाब नहीं हो सकते और प्रधान मंत्री जनता की नेता हैं और इस ढंग से उन पर हथियार उठा कर कोई कामयाबी हासिल नहीं की जा सकती है। मैं प्रार्थना करूंगा मंत्री जी से कि वह बयान दें और उनके पीछे जो ताकतें हैं, उनका पर्दा फ़ाश शीघ्र करें।

**श्री जगन्नाथ राव जोशी** (शाजापुर) : हम सेदन के बाहर गये नहीं थे, इसलिये बाहर कौन सी खबर आई है, हमें इसकी जानकारी नहीं थी । इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसी घटना के बारे में विरोधी दलों को कुछ कम क्षोभ हो । मैं एक बात साफ कर देना चाहता हूं कि वह आपके दल के नेता ही नहीं हैं सदन की नेता हैं और देश की प्रधान मंत्री हैं । इसलिये यह हम सब के लिये उतना ही चिन्ता का विषय है । ऐसी घटना बिल्कुल नहीं होनी चाहिये । इसके मूल में जाना चाहिये, इसकी तह में जाना चाहिये और मंत्री महोदय पूरी जानकारी सेदन के सामने रखने की कोशिश करें ।

**श्री राम सहाय पांडे** (राजनन्दगांव) : उपाध्यक्ष जी, हिंसा, घृणा, नफरत के इस उभरते हुए वातावरण में, जिसको उभारा गया है, इस प्रकार की संभावनाएं कुछ आश्चर्यजनक नहीं हो सकती हैं । समस्तीपुर का कांड अभी बहुत पुराना नहीं हुआ जिसमें हमने ललित नारायण मिश्रा को खोया और उस संदर्भ में प्रधान मंत्री जी ने जब एक वक्तव्य दिया था कि यदि मेरे ऊपर भी कोई हमला हो तो शायद कुछ लोग ऐसा कहने वाले भी इस देश में मिल जाएंगे कि यह मैंने अपने ऊपर जान-बूझ कर रिहर्सल करवाई है । लोगों ने इस पर भी टिप्पणी और आलोचना की, श्रीमन्, कितने आश्चर्य की बात है ?

मैं यह कहना चाहता हूं कि इतिहास में यह पहली बार है जब कि प्रधान मंत्री ने अपने इलैक्शन पेटीशन के सम्बन्ध में खुली अदालत में जाना स्वीकार किया । नहीं तो, कमीशन भी एपाइन्ट किया जा सकता था । कमीशन यहां आकर उनका बयान ले सकता था लेकिन अपनी उदार चेतना और लोकतन्त्र की रक्षा की भावना के कारण वह अपने प्रधान मंत्रित्व को एक तरफ रख कर एक व्यक्ति की हैसियत से, प्रधान मंत्री तो हैं हो, लेकिन अदालत की गरिमा और महत्व को बढ़ाने के लिए स्वयं गई ।

जो एक व्यक्ति प्रटैंड करता था कि मैं वकील हूं जिस प्रकार उसने प्रवेश करने का प्रयास किया, उसके हाथ में रिवाल्वर पाया गया, हम कल्पना नहीं कर सकते । मन सिहर उठता है, रोमांचित हो उठता है जब हम किसी दुर्घटना की संभावना की कल्पना करते हैं कि क्या हो सकता था ।

श्रीमन्, मैं आपके माध्यम से गृह-मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि वह बयान दें कि वह आदमी कौन था ? क्या वह किसी राजनीतिक दल से सम्बन्धित था या इसमें सी०आई०ए०का हाथ था या किसी प्रकार का कोई अन्तर्राष्ट्रीय षड्यंत्र था । इस प्रकार पूरे विवरण के साथ बयान आना चाहिये । क्योंकि प्रधान मंत्री जी के जीवन का जितना प्रश्न है, उतना ही देश में जो हिंसा और घृणा का वातावरण उभारा गया है, इस बात का संकेत मिलना चाहिये कि उसमें क्या क्या दुर्घटनायें होने की कल्पना की जा सकती है ।

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam): The news item that a young man with a revolver had attempted to enter the court at Allahabad where our Prime Minister was to appear as a witness has come as a rude shock to us; but I hope, the shock is shared by all those in this country and outside also. Thanks to the vigilance exercised by the security persons it has been detected. I shudder to think what had been the possibility that might have existed. But we share with everyone the concern and the anguish, irrespective of the differences we have, political or otherwise, there can be no two opinions that in a democracy all solutions have to be arrived at by a discussion, by a parliamentary method, not by the use of violance or bullet. I hope this will be the last news that we hear in this country. In order to create a healthy atmosphere, everyone of us should join. In our fight, we fight inside the Parliament, not with violance or with any other mode. I am one with all the Members. Mrs. Gandhi is not only

the Prime Minister, she is the Leader of this House and the leader of this country. As long as we believe in democracy, we believe in her position and any harm done to her is a harm done not to an individual but to the entire functioning of our democracy. With this, I associate myself with all the Members of the House.

**श्री भागवत झा आजाद** (भागलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ने खुली अदालत में आकर यह प्रकट कर दिया है कि गणतन्त्र की रक्षा, उसके महान मूल्यों की प्रतिष्ठा और न्याय की प्रतिष्ठा वह करना चाहती हैं, साथ ही गणतन्त्र में प्रमुख अंग न्यायालय को भी वह सम्मान देती हैं। अन्यथा उनके लिये कोई मजबूरी नहीं थी कि वह अदालत में जाती।

अस्तु, जब देश की प्रधान मंत्री, सदन की नेता, आज देश में उन मूल्यों की प्रतिष्ठा के लिये वहां जाती है, ऐसे वक्त में कोई ऐसा षडयंत्र किया जाये तो यह उनके प्रति नहीं बल्कि यह देश के प्रति षडयन्त्र है और हमारे गणतन्त्र के प्रति षडयन्त्र है। हमें प्रसन्नता है कि हमारे सुरक्षा करने वाले अधिकारियों ने उसे ठीक समय पर पकड़ लिया। हम यह चाहते हैं कि गृह-मंत्री इस सदन में इस बात पर स्पष्ट बयान दें कि वह व्यक्ति सिर्फ व्यक्ति ही था या इसका सम्बन्ध कहीं और था? क्या यह सिर्फ एक पागलपन की बात थी या इसके पीछे कोई बड़ा षडयंत्र है जिसको कर कर कोई व्यक्ति, कोई समूह, कोई दल इस देश के गणतंत्र की पीठ में छुरा मारना चाहता था? सब से बड़ी बात आज यह हो गई कि देश के प्रबुद्ध या सभ्य नागरिक को यह सोचने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है कि गणतंत्र के मूल्यों की रक्षा में जो देश में हिंसा और घृणा का वातावरण तैयार किया जा रहा है वह वातावरण भस्मासुर की तरह उन्हीं मूल्यों को न खा जाये जिनके नाम पर आज देश में घृणा फैलाई जा रही है।

अस्तु यह प्रमुख प्रश्न है, जिस पर हम सबको विचार करना चाहिये।

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad). Mr. Deputy Speaker Sir, the news from Allahabad is both disturbing and distressing. An attack on the Prime Minister would be considered as an attack on the democratic institutions and values of this country. The Prime Minister is not only the Leader of the House, she is also the leader of the country I want this to go on record that whatever differences one may have with the Party in power and its head, these are not the methods by which we go about in a democracy.

Sir, I want to add this. For the last some months, I think that an atmosphere of bitterness and hatred is being allowed to increase to such an explosive situation and level that democratic functioning has become increasingly difficult This is not a very healthy sign for our democratic set up. Therefore, I do wish to associate myself with the sentiments expressed by my colleagues. I do hope that not only the Home Minister will make a complete and full statement, but that this House will give a message to the entire country that this country and this House believe in democratic functioning and that any intolerace which goes to the level of violance and personal animosity will not be tolerated at all both in letter and in spirit.

**श्री कृष्ण चन्द्र पांडे** (खलीलाबाद) उपाध्यक्ष महोदय, आज इलाहाबाद के पी०टी०आई० के द्वारा जो खबर दी गई है, उसको सुन कर पूरा सदन और देश स्तब्ध सा रह गया है। इधर पांच छ: महीने से देश में जो घृणा का एक वातावरण उत्पन्न किया जा रहा है, उसी का यह परिणाम है। मैं सुरक्षा अधिकारियों को हार्दिक धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बड़ी बुद्धिमानी और दृढ़ता से काम लिया, और जनतंत्र और राष्ट्र-नेता की रक्षा करके राष्ट्र की मर्यादा को ऊंचा किया।

जिस समय राष्ट्र-नेता न्यायालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए वहां गई, उस समय

[श्री कृष्णचन्द्र पांडे]

जिसने भी यह कुकर्म किया हो, और जिस संस्था ने कराया हो, जिसका उसके पीछे हाथ हो, उस संस्था पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए, यही राष्ट्र-हित मे है । आज देश का इतिहास किस तरह बदला होता, इस समय देश की क्या स्थिति होती, यह कहा नही जा सकता है ।

मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री को कहना चाहता हूं कि यह सदन ऐसे कुकर्म को बख्शने के लिए तैयार नही है, जो राष्ट्र-नेता और देश की जनतांत्रिक प्रणाली के विरुद्ध किया गया है ।

इन शब्दों के साथ मैं पुन: अपने सुरक्षा अधिकारियों को बधाई देना चाहता हू ।

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): Mr. Deputy Speaker, Sir, I express our anxiety over the incident that has been reported here in this House by several Members of the different political parties. I will urge upon the Government to mak ea statement here so that there may not be any misunderstanding over the issue. Nobody in this House or outside, I will say including our party, believes in this sort of individual terrorism and violance. So, I will again urge upon the Minister to make the point clear so that the real thing may be brought to the notice of the people and the people may understand the situation very well.

PROF. NARAIN CHAND PARASHAR (Hamirpur): Sir, keeping in view the highest traditions of democratic values, the Prime Minister went to tender evidence before the High Court in which 36 witnesses have been examined on her behalf and 60 on behalf of Shri Raj Narain. Sir as a Prime Minister, she has raised the prestige in which the judiciary is held in our country and it is a healthy sign that here friends from all sections of the House are unanimous in condemning this incident which has led this kind of volcano on which we are sitting. Sir, I want to impress through you, upon the Home Minister and the Government of India that, as this incident reveals, the attempt made on the life of Shri L. N. Mishra has not been forgotten by the forces that wanted to create chaos in this country and still want to tread on that path. Whether those forces are sheltered under this arm or that arm, we are not concerned but we are concerned with this that the Prime Minister of this country who symbolises the will of the nation to march ahead should be given the fullest possible protection and security and it should be checked that nobody in the guise of a pleader or in the guise of a journalist on a fictitious pass or a bogus card should be allowed and all attempts should be made to protect all those persons who are concerned with the witness, with this case Sir, when the Prime Minister has herself offered to go there, it is the duty of all of us to see that she is given the fullest protection as she is regarded as the leader of the destiny of our country. We all share this concern and I join in congratulating the security men there who have detected this intended crime and who have prevented a great disaster. Sir, we are happy but we would like the Home Minister to assure us that her person and her security is well kept in this country.

MR DEPUTY-SPEAKER: So many names are still there. Now, the point is that a large number of hon. Members have made submissions and many more would like to speak. Well, if you want, I can give one minute each because it seems there are so many who want to speak. Now, I have the slips here before me and I will call you one by one. My only appeal to you is that it should be brief because you are making the same points. There is no new point that you are going to make.

श्रीमती सहोदराबाई राय (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, जब मैंने यह समाचार सुना कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में रिवाल्वर लिये हुए एक व्यक्ति वकील के वेश में पकड़ा गया

हुए पकड़ा गया है, तो मुझे बड़ा दुख हुआ। हमारे सुरक्षा दल ने प्रधान मंत्री की रक्षा के लिए बहुत अच्छा काम किया है। हिन्दुस्तान में महिलाओं को बरसों तक गुलाम रहने के बाद बड़ी मुश्किल से आजादी मिली है और आज देश में महिलाओं का बड़ा मान है। मैं कहना चाहती हूं कि यह षडयंत्र कोई नया नहीं है, बल्कि यह बहुत दिनों से चल रहा है। हमारी जो सुरक्षा है इसके बारे में हमारे जो गृह मंत्री हैं इनको कोई पता नहीं है, चारों ओर हिन्दुस्तान में ये लोग जो हमारे हत्यारे हैं जीव हिंसा करने घूम रहे हैं। इसके लिए कड़ा कदम उठाने की जरूरत है भविष्य के लिए। गृह मंत्री को ऐसा कदम उठाना चाहिए जिसमें कि चाहे कोई भी हो, हमें तो मालूम होना है कि इनमें बाहर के लोगों का भी हाथ है, बाहर के लोग भी घूम रहे है, तो मैं गृह मंत्री से कहूंगी कि वे इसके ऊपर वक्तव्य दें और इसका पता लगाएं कि देश में क्या हो रहा है जिसमें हमारी सुरक्षा हो। न इस पार्टी वाले न उस पार्टी वाले, इन का कोई हाथ इसमें हमे मालूम नहीं होता है। मैं प्रार्थना करूंगी कि गृह मंत्री अपना वक्तव्य दें और रक्षा की पूरी व्यवस्था की जाए जिसमें कि हमारे देश का नुकसान न हो और हमारे नेताओं की रक्षा हो।

15 hrs.

श्री रामचन्द्र विकल (बागपत) : माननीय नरसिंह नारायण पांडे ने जिस दुखद घटना की तरफ इस सदन का ध्यान आकृष्ट किया है सारा सदन इस पर एकमत है और मैं समझता हूं कि सारे देश की जनता भी इस तरह का अपना मत प्रधान मंत्री जी के सम्बन्ध में रखती है। इस दुखद घटना की जानकारी इस सदन को और देश को तुरन्त होनी चाहिए और जो भी इसके पीछे षडयंत्र है, जो कोई भी इस घटना के पीछे है उस की तुरन्त जानकारी सदन को भी और देश को भी देनी चाहिए। मैं इस सदन के सभी पक्ष और विपक्ष के माननीय सदस्यों का जो इस घटना से दुखी हैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं। प्रधान मंत्री जी के सम्बन्ध में देश और यह सदन एक राय है इस बात पर और मैं प्रार्थना करूंगा कि इस घटना की तुरन्त जांच होनी चाहिए तथा सदन को उससे अवगत कराना चाहिए।

श्री मूल चन्द डागा (पाली) उपाध्यक्ष महोदय, ठीक उपयुक्त समय पर आपने स्वयं अपने नपे तुले शब्दों में इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के प्रति अपने विचार प्रकट किए और सारे सदन के भिन्न भिन्न पार्टियों के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। एक बात मालूम हो गई कि हमारे सदन के सभी सदस्य देश को यह चेतावनी देना चाहते हैं और जागरूक करना चाहते हैं कि जो हिंसा फैलाने वाली शक्तियां हैं उनके प्रति हम अपना रोष और आक्रोश प्रकट करते है। जिस हिन्दुस्तान ने अपनी आजादी अहिंसा और सत्याग्रह के आधार पर ली थी उस के अन्दर हम किसी प्रकार की हिंसा और इस प्रकार का वातावरण फैलाने वाली शक्तियों के प्रति अपना रोष प्रकट करते है।

SHRI C. M STEPHEN (Muvattupuzha), Mr. Deputy-Speaker, Sir, at this moment of agony and anguish, it is a matter of relief and satisfaction that the whole House irrespective of party affiliations is standing together in the matter of the condemnation of the dastardly attempt on the life of the leader of the nation.

My heart is in anguish not only against this dastardly act but also about the very serious implications that this particular incident brings up. She is the leader of the elected Parliament. She is the leader of the nation and the Prime Minister of India. Once we denude the elected institutions of all honour and status, once we make the elected institutions a laughing stock as if they represent nothing then in the mind of the common man certain corollaries will inevitably follow.

[Shri C. M. Stephen]

These we have been seeing The Parliament and the Assembly were being attacked; attempts of terrorism were being made repeatedly on the House itself. Now, it has taken the turn of attempts on the lives of the people This implication must be taken note of. It is not enough that sentimentally we say, we are not behind this act. It is also necessary that those of us who cherish the values of democracy in our heart take note of the trend in the whole country and see that the attack against democracy and the attack against the elected leaders of the people is put a stop to and that political controversies are confined to polemics and arguments only. It this route is taken, then certainly, other implications will follow and other actions will also follow inevitably, and it would not be open to us to condemn somebody for something that has been done.

May I, with your permission, join the rest of the nation in placing on record my deep anguish for the turn things have taken and may I raise my hands in thanks giving to God that the cherished symbol of the nation has been saved from a beastly attack by a dastardly man.

SHRI B. V NAIK (Kanara). I sincerely participate in the sentiments expressed by all here. I would like to know if I can draw the attention of the Hon'ble Minister of Home Affairs to the fact that there was a gun-man found a few years back outside the premises of the Hon'ble Prime Minister and ask what has happened about him? Such instances are being repeated. I think the Prime Minister of this country represents an institution very dear to us. I would therefore like the Minister to state in the course of his reply as to whether he is going to make any security arrangements for our Prime Minister, and also, what has happened about the gun-man who was found on an earlier occasion.

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान (किशनगंज): उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही अफसोसनाक और मनहूस खबर अभी आई है, इसकी जितनी भी मजम्मत की जाय इस सदन के द्वारा वह कम होगी । मैं अर्ज कर रहा था कि प्राइम मिनिस्टर जम्हूरियत की जिन्दगी को बरकरार रखने के लिए अदालत में इजहार करने गई । इसके दो माने हैं । एक तो यह है कि जम्हूरियत का मुकाम निहायत ऊंचा है और दूसरा यह कि अदालत का मुकाम जम्हूरी मुल्क में बहुत ऊंचा है । हालांकि आप इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि सिविल प्रोसीजर कोड में कमीशन पर इजहार करना बिल्कुल कानून के तहत है । उस वक्त पर भी उनका इजहार हो सकता था । लेकिन प्राइम मिनिस्टर ने इस बात को नहीं चाहा और उन्होंने खुद से अपने को अदालत के आगे पेश किया । इसका सिर्फ एक ही मकसद है कि अदालत का मुकाम निहायत ऊंचा है इस जम्हूरी दौर में । यह अदालत का एहतराम और जम्हूरियत को बरकरार रखना यह इस मुल्क के आईने के अन्दर है । बहरहाल जो हमारे सेक्योरिटी के अफसर ने एक बहुत ही जिम्मेदारी के साथ इस साजिश को नाकाम बनाया है यह काबिले तहसीन, आफरी और मुबारकबादी के है । मैं चाहूंगा कि हमारे होम मिनिस्टर इसकी पूरी तफसील इस ऐवान के टेबल पर रखें ताकि सारे मेम्बरों को मालूम हो सके कि यह किन लोगों की, किन दलों की और कितने लोगों की साजिश इसके अन्दर है ।

एक बात और कह कर मैं बैठ जाऊंगा कि जब ललित बाबू का कत्ल हुआ था तो प्राइम मिनिस्टर ने कहा था कि यह एक रिहर्सल है जिसको किया गया है । ललित बाबू की जिन्दगी के ऊपर और बाकी उनके पीछे और आने वाले लोग हैं, क्या उसकी यह एक कड़ी है ? लिहाजा, मैं आपके जरिए होम मिनिस्टर से इल्तजा करूंगा कि पूरे बयान के साथ हाउस में आएं ताकि यह ऐवान को मालूम हो सके कि किन लोगों का इसमें हाथ है ?

[شری محمد جمیل الرحمان (کشن گنج) - اپادھیکش مہودے، یہ بہت ہی افسوس ناک اور منحوس خبر ابھی آئی ہے، اس کی جتنی بھی مذمت کی جائے اس سدن کے دوارا وہ کم ہوگی - میں عرض کر رہا تھا کہ پرائم منسٹر جمہوریت کی زندگی کو برقرار رکھنے کے لئے عدالت میں اظہار کرنے گئیں - اس کے دو معنی ہیں ——ایک تو یہ ہے کہ جمہوریت کا مقام نہایت اونچا ہے اور دوسرا یہ کہ عدالت کا مقام جمہوری ملک میں بہت اونچا ہے- حالانکہ آپ اس بات کو اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ سول پرائمری کورٹ میں کمیشن پر اظہار کرنا بالکل قانون کے تحت ہے - کمیشن پر بھی انکا اظہار ہو سکتا تھا لیکن پرائم منسٹر نے اس بات کو نہیں چاہا اور انہوں نے خود سے اٹھ کر عدالت کے آگے بیان کیا - اس کا صرف ایک ہی مقصد ہے کہ عدالت کا مقام نہایت اونچا ہے اس جمہوری دور میں ؛ یہ عدالت کا احترام اور جمہوریت کو برقرار رکھنا یہ اس ملک کے آئین کے اندر ہے - بہرحال جو ہمارے سیکورٹی آفیسر نے ایک بہت ہی ذمہ داری کے ساتھ اس سازش کو ناکام بنایا ہے یہ قابل تحسین ہے- آفرین اور مبارکبادی کے ہے - میں چاہوں گا کہ ہمارے ہوم منسٹر اسکی پوری تفصیل اس ایوان کے ٹیبل پر رکھیں تاکہ سارے ممبروں کو معلوم ہو سکے کہ یہ کن لوگوں کی اور کتنے لوگوں کی سازش اس کے اندر ہے -

ایک بات اور کہہ کر میں بیٹھ جاؤں گا کہ جب للت بابو کا قتل ہوا تھا تو پرائم منسٹر نے کہا تھا کہ یہ ایک ریہرسل ہے جسکو کہا کہا ہے للت بابو کی زندگی کے اوپر اور باقی اس کے پیچھے اور آنے والے لوگ ہیں و کیا اسکی یہ ایک کڑی ہے ؟ لہذا میں آپکے ذریعے ہوم منسٹر سے استدعا کروں گا کہ پورے بیان کے ساتھ ہاؤس میں آئیں تاکہ یہ ایوان کو معلوم ہو سکے کہ کن لوگوں کا اس میں ہاتھ ہے -)

**श्री रामावतार शास्त्री** : (पटना) उपाध्यक्ष महोदय इलाहाबाद हाईकोर्ट में जो आज घटना घटी यह बड़ी ही दुखद और गम्भीर है। ऐसा लगता है कि इसके पीछे सुनियोजित षडयन्त्र है। इस बात की कोशिश की गई कि प्रधान मन्त्री की हत्या की जाय। इसलिए यह बहुत ही दुखद है और इस तरह की घटनाएं पिछले दिनों भी हुई हैं। इन घटनाओं से हिन्दुस्तान के जनवाद में विश्वास करने वाले लोगों और दलों को सोचना चाहिए, सरकार को सोचना चाहिए और कोई ऐसा रास्ता निकाला जाना चाहिए ताकि इस तरह की घटनाएं भविष्य में नहीं घटे। साथ ही इस सदन को और हिन्दुस्तान की तमाम जनता को इस तरह की घटना की घोर निन्दा करनी चाहिए और जनता को इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि वह इस तरह के घृणित कांडों का जम कर विरोध करे उसका मुकाबिला करे।

**SHRI VASANT SATHE** (Akola): We were all shocked at the very idea that some one should have been found in the temple of justice with a lethal weapon, but I must confess to a sense of great relief to know that the leader of the nation is safe. The Prime Minister who was attacked and is being attacked in this very House for denigrating judiciary, was setting an excellent example of going to a court of law. (*Interruptions*). I have not said a word against you. Why don't you see the seriousness of the situation? She was doing what is right.

[Shri Vasant Sathe]

She was showing that no one was above law. Therefore, that must be said to the credit of the Prime Minister. I think you will not disagree there. I would also say that we must introspect a little. This is a very serious matter. Only the other day we lost one of our revered colleagues in a violent attack. We must introspect and see why this attitude is growing. If we single out a leader in the country and call him or her day in and day out, inside and outside, a dictator (*Interruptions*) this sort of attitude will develop in the country. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER Order, please. I thought I had set the note of this issue raised here in my introductory remarks, and I saw the effect of that until Mr. Sathe spoke. Also I saw that Mr. Sathe entered this House late, long after I had introduced the subject. I think, we are all agreed that this is a matter of grave concern and we are all exercised about it And I appreciate your words when you say that we will not only be exercised but we must also do some introspection. Therefore, I think, whatever may be your view, let us keep that for another occasion. Let us confine ourselves on this occasion to an expression of concern and our feeling of relief that nothing more untoward has taken place.

SHRI H. K. L. BHAGAT (East Delhi): I would only say that this incident is yet another grim warning to our nation about the trends that are developing in this country. It is allright for all of us to make formal expressions regarding this incident. As you have rightly said, I do not want to enter into any controversy. But this is a moment for introspection and it is necessary for all the parties in the country to adopt a code of conduct for their members, for other people, not to do any thing, not to say any thing, not to act in any manner which results in encouragement of extra-parliamentary, unconstitutional activities or an atmosphere leading to violence. For the Government, Sir, I would say that it is high time that they should come out with some kind of a White Paper in regard to the situation in the country and the circumstances that have developed in the country and the incidents that have taken place. This is the time when mere formal expressions of concern will not be adequate. Action on the part of all the parties and action on the part of the Government are very necessary. This is what I want to submit.

DR. HENRY AUSTIN (Ernakulam): As the shocking news from Allahabad continue to cause pain and anxiety not only for Members of Parliament but for the whole nation, may I hasten to place on record my high appreciation—or perhaps I should congratulate the security officers in Allahabad for taking such prompt action in detecting the person and for putting to use such highly sophisticated apparatus, commensurate with the seriousness of the situation; and may I, through you Sir, request the Home Minister and also our Minister of Parliamentary Affairs to see that even more effective arrangements, in view of this developing situation, are made to meet the situation? I fully share the feelings expressed here already by hon. Members. I will just finish in one more sentence.

श्री विभूति मिश्र : उपाध्यक्ष जी, मैं एक बात जानना चाहता हूं—आप लोगों का चिट भेजने पर बुलायेंगे या आई कैच करने पर बुलायेंगे—आप क्या तरीका अपना रहे हैं ?

उपाध्यक्ष महोदय : मैं आप को भी बुलाऊंगा ।

DR. HENRY AUSTIN: I want to conclude with this sentence: let us take a decision or let us resolve ourselves that we will heed the advice of the Prime Minister who has been reminding us of the dangerous consequences that might arise as a result of creating an atmosphere of violence and hatred in this country.

DR. KAILAS (Bombay South): I appreciate, and join with the sentiments of my friend, the leader of the DMK Group in Parliament, Shri Era Sezhiyan and Mr. Mavalankar; and congratulate the officers who could take such quick action, that the attack on Prime Minister's life was avoided. Mr. Mavalankar has rightly said that we must not create sense of horror or dissatisfaction and hatred; and so we must all do introspection. I pray God that the Prime Minister's life is saved like this for ever.

श्री विभूति मिश्र (मोतिहारी) : उपाध्यक्ष जी, जिस रक्षा के अधिकारी ने वह खतरनाक हथियार पकड़ा—मैं उसको बधाई देता हूं। लेकिन मुझे एक बात कहनी है—साल भर से इस देश में जो घृणा और हिंसा का वातावरण बनाया जा रहा है, यह बहुत ही निन्दनीय है। हालांकि सब भाई यहां पर डेमोक्रेसी की दुहाई देते हैं, लेकिन फिर भी यह घृणा और हिंसा की भावना बढ़ती जा रही है हम लोग सरकार में हैं—इसलिये सरकार का कर्तव्य है कि सरकार इस तरह की घटनाओं का पता लगाये—आज प्राइम मिनिस्टर नहीं होतीं तो क्या देश में होता और देश में हैं तो क्या है—इसको बैलेंस करते हुए मैं सरकार की जवाबदेही समझता हूं। आज सारे देश में जो हिंसा का वातावरण पैदा हो रहा है—मैं विरोधी भाइयों से भी कहूंगा और सारे देशवासियों से कहूंगा कि इसके विरुद्ध हम लड़ाई करें। सवाल मूलभूत हमारे सामने यही है कि हिंसा की जो भावना पैदा हो रही है—उसको रोका जाय। अगर इसी तरह हिंसा की भावना पैदा होती जायेगी, तो जिन्होंने फ्रेंच रेवोल्यूशन पढ़ा है, वे जानते हैं कि उस हालत में न हमारी जिन्दगी सेफ है और न हमारे किसी आदमी की जिन्दगी सेफ है। इसके लिये सिर्फ एक ही रास्ता है कि देश में महात्मा गांधी जी का सत्य और अहिंसा का वातावरण फैले।

मैं यह भी कहना चाहता हूं—जब तक प्रधान मन्त्री जी इलाहाबाद में रहें या चाहे जहां रहें—यह सरकार की जवाबदेही है कि उनकी सुरक्षा का पूरा इन्तजाम करे। मैं अपने विरोधी भाइयों से कहूंगा कि इसमें हम सब लोगों को एक होकर हिंसात्मक वातावरण को हटा कर शान्ति का वातावरण पैदा करें। अगर ऐसा वातावरण तैयार हो जायेगा तो फिर यह कहने की जरूरत नहीं रहेगी कि न हम बचेंगे और न आप बचेंगे। इस मामले में आप लीड लीजिये। इसलिये सब के जीवन पर आज खतरा है, और आप चूंकि नौजवान हैं इस बारे में लीड लीजिये जिससे देश में शान्ति का वातावरण पैदा हो।

SHRI SAMAR GUHA (Contai): On behalf of the Socialist Party of India inside Parliament, I strongly condemn this attempt at assassination of the Prime Minister. If this act of assassination assumes political dimension, it will ultimately assassinate democracy itself. Sir, again if the butcher's life is given free play, it will not only ultimately discriminate but it will lead to blood bath also on all sides. Therefore, we have to take caution of that. At the same time we should remember Mahatma Gandhi, the father of the nation, who has bestowed upon us the responsibility or a new technique how to lead peaceful and non-violent movement.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let us not go beyond that

SHRI SAMAR GUHA It does not mean that the people have ably risen to express their view in a peaceful and democratic way but there should not be any scope whatsoever of creating any condition of any type in the country in favour of any violent activity Therefore, I not only condemn but also naturally expect that all steps should be taken as a precaution against any kind of such dastardly attempt At the same time I should say that she has shown courage naturally as it was an obligation on her to appear before the court and even after the murder of Shri L N Mishra she did not lack in courage in going to different public meetings Therefore, there is no question that she lacks in courage but it is our duty to express our condemnation of any attempt on the life of the Prime Minister.

MR DEPUTY-SPEAKER I think we have had enough

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K RAGHU RAMAIAH) It is a matter of gratification that all the sections irrespective of parties have condemned so unequivocally and un-reservedly this attempt to carry arms in the court room (where the Prime Minister was to give evidence) with obvious ostensible motives

It is also a matter of great satisfaction to see that all Members of the House assembled, whatever be their party affiliations, have expressed equal anxiety about the security of the person of Prime Minister who is not only our leader but leader of the House and the leader of the country. In order to give expression to this unanimous feeling of the House, I beg to move

"The House unanimously condemns the reported attempt to carry arms into the court where Prime Minister had to give evidence and desires that sufficient security arrangements be made both inside and outside the Court to ensure the safety of the Prime Minister"

MR DEPUTY SPEAKER The question is

"The House unanimously condemns the reported attempt to carry arms into the court where Prime Minister had to give evidence and desires that sufficient security arrangements be made both inside and outside the Court to ensure the safety of the Prime Minister"

*The motion was adopted.*

---

15 25 hrs

DEMANDS FOR GRANTS (RAILWAYS) 1975-76—contd

MR. DEPUTY-SPEAKER. We resume discussion on the Demands of the Railways Shri Nathu ram Ahirwar was on his legs He may continue with his speech. May I repeat the request of the Minister for Parliamentary Affairs that a Member from the Congress Party should not take more than seven minutes.? Mr Ahirwar had already taken 9 minutes. I think he should say that he concludes his speech.